# डॉ0 श्री अजय कुमार सिंह, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–01/208/95 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
| --- | --- |
| क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:– (क) क्या यह सही है कि सुपौल जिले का मरौना एवं निर्मली प्रखंड की लाखों की आबादी प्रत्येक वर्ष मॉनसून के समय कोसी नदी के बाढ़ के आसन्न खतरे से भय के साये में जीने पर मजबुर है; | वस्तुस्थिति यह है कि सुपौल जिला के अन्तर्गत मरौना, निर्मली प्रखण्ड के दर्जनों ग्रामों के आवासितों को कोशी नदी के बाढ़ से सुरक्षा हेतु नदी के दायें किनारे सिकरहट्टा मंझारी निम्न बाँध, विस्तारित सिकरहट्टा मंझारी निम्न बाँध एवं निर्मली घेरा बाँध निर्मित है। |
| (ख) क्या यह सही है कि इस वर्ष कोशी नदी पर स्थित सुपौल के वीरपुर बराज से रिकार्ड 6.5 लाख क्यूसेक जल निःसरण किया गया तथा पश्चिमी कोसी तटबंध 30 सितम्बर 2024 को टूट गई ? जान माल का नुकसान हुआ है; | वस्तुस्थिति यह है कि दिनांक 29.09.2024 को कोशी बराज, वीरपुर से 6.61 लाख क्यूसेक जलश्राव प्रवाहित हुआ है, जो विगत 56 वर्षो के दौरान प्रवाहित अधिकतम जलश्राव है।<br>कोशी नदी में आये अत्यधिक जलश्राव से उपरोक्त वर्णित मरौना एवं निर्मली के इलाके में तटबंधों में कोई क्षति नहीं हुई।<br>दिनांक 30.09.2024 को पश्चिमी कोशी तटबंध (घोघरडीहा के नीचे) के कि0मी0 33.00 एवं कि0मी0 41.00 के बीच ओभर–टॉपिंग हुआ जिस कारण तटबंध कि0मी0 38.45 (दरभंगा जिलान्तर्गत किरतपुर प्रखंड, तेतरी गाँव) के समीप क्षतिग्रस्त हुआ एवं कंट्री साइड के आवासित प्रभावित हुए। |
| (ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सुपौल जिले के मरौना एवं निर्मली प्रखंड की बड़ी आबादी को ध्यान में रखते हुए कोसी महासेतु से मंगा सिहौर परसौनी (मरौना का गनौरा पंचायत) तक गाईड बाध के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों नहीं ? | जल संसाधन विभाग द्वारा प्रश्नगत प्रखंडों में मंझारी चौक (निर्मली प्रखंड) से मंगा सिहौल (मरौना प्रखंड) होते हुए नकटा टोला (मरौना प्रखंड) तक लगभग 29.275 कि0मी0 की लम्बाई में सिकरहट्टा–मंझारी निम्न बाँध एवं विस्तारित सिकरहट्टा–मंझारी निम्न बाँध निर्मित है, जिस से दर्जनों पंचायतों के बड़े हिस्से एवं कई हेक्टेयर जमीनों को सुरक्षा प्रदान किया जाता है। उक्त निर्मित तटबंध के नदी भाग में नदी के खादिर जोन में प्रश्नगत् तटबंध का निर्माण गैर तकनीकी है। |

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25/वि०प०प्र०(वी०)–06–32/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को तारांकित प्रश्न सं०–1/208/95 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि०प०प्र०(वी०)–06–32/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि०प०प्र०(वी०)–06–32/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित

ह०/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि०प०प्र०(वी०)–06–32/2024– 115 /पटना, दिनांक– 10/01/25

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई० टी० सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo